# प्रेस नोट थाना राजघाट जनपद गोरखपुर दिनांक 07.11.2025

## चोरी का अपराध कारित करने के आरोप में 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाईकिल बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष राजघाट के नेतृत्व में उ0नि0 प्रवीण कुमार सिंह द्वारा पुलिस टीम के साथ थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 155/2025 धारा 303(2) BNS से संबंधित अभियुक्त 1. हरिश्चन्द्र लोद्धी उर्फ विक्की पुत्र राजेन्द्र लोद्धी निवासी निबीयहवा थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर व 2. राहुल पासवान पुत्र मनोज पासवान निवासी खुर्रमपुर नर्सरी थाना पुरन्दरपुर जनपद महराजगंज के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल (बुलेट) बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण** – दिनांक 04.07.2025 को वादी मुकदमा की मोटरसाइकिल (बुलेट) माया टाकीज से चोरी हो गयी थी जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

1. हरिश्चन्द्र लोद्धी उर्फ विक्की पुत्र राजेन्द्र लोद्धी निवासी निबीयहवा थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर
2. राहुल पासवान पुत्र मनोज पासवान निवासी खुर्रमपुर नर्सरी थाना पुरन्दरपुर जनपद महराजगंज

**गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 155/2025 धारा 303(2), 317(2) BNS थाना राजघाट गोरखपुर।

**बरामदगी -**

एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल (बुलेट)

**गिरफ्तारी की टीम-**

1. उ0नि0 प्रवीण कुमार सिंह चौकी प्रभारी रहमतनगर थाना राजघाट गोरखपुर
2. उ0नि0 आशुतोष वर्मा थाना राजघाट गोरखपुर
3. का0 जितेन्द्र पाण्डेय थाना राजघाट गोरखपुर
4. का0 शिवभोला थाना राजघाट गोरखपुर